>

Title: Need to relocate Indian Oil Deport from densely populated urban area of Raxaul in Bihar to some other place.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूं। मेरे लोकसभा क्षेत्र में रक्सौल दूसरा सबसे बड़ा शहर है और वहां शहर के बीच में इंडियन आयल का डिपो स्थित है। हम लोगों ने बहुत बार इसके बारे में कहा। जयपुर में जब इंडियन ऑयल डिपो में आग लगी थी, उसमें सैंकड़ों लोग मारे गये थे और करोड़ों रूपए का नुकसान हुआ था, तब सरकार ने यह फैसला लिया था कि हम शहर के भीतर कहीं भी इंडियन आयल डिपो नहीं रहने देंगे। यह रक्सौल शहर के बार्डर पर स्थित है और हमेशा हम लोगों को नेपाल की तरफ से यह सूचना आती है कि नेपाल के जो माओवादी हैं, वह इसको डैमेज कर सकते हैं, क्योंकि इसके और नेपाल के बीच में केवल एक नदी की दूरी है। अगर कोई उस तरफ से भी कुछ करना चाहे तो वह इस इंडियन ऑयल डिपो को नुकसान पहुंचा सकता है। मैं दो साल पहले से इस चीज को उठा रहा हूं। माननीय मंत्री जी ने कहा था कि ठीक है इसे करेंगे। एक जगह का सिलेक्शन भी कर लिया और कोई ध्यान नहीं दिया। मेरा एक पूरा शहर आज बारूद के ढेर पर स्थित है और केवल हिंदुस्तान की तरफ से ही उसको डैमेज नहीं किया जा सकता है, नेपाल की तरफ से भी जब भी वहां माओवाद का प्रचार बढ़ता है, जब भी माओवादी वहां से कुछ करना चाहें, हमारे देश के एक पूरे शहर को माओवादी एक साधारण सा एक्शन लेकर खत्म कर सकते हैं। वहीं पर हिंदुस्तान का ड्राइपोर्ट भी है। नेपाल एक लैंडलॉक कंट्री है और उसका पूरे इलाके का ड्राइपोर्ट भी इंडियन ऑयल डिपो के पास ही स्थित है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से निवेदन होगा कि इंडियन ऑयल डिपो को, जो भारत-नेपाल सीमा पर स्थित है, जो रक्सौल शहर के बीच में है, इसको शीघ्र से शीघ्र हटाया जाए। धन्यवाद।